# समाचार वाणी

**ख़बर जो करें असर !**

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


## बाजार खुलते ही फिर गिरा सेसेंक्स, ITC के शेयरों मे 3% से ज्यादा गिरावट।

Publisher

Published on 28 May 2025



## तीसरे कारोबारी दिन भी बाजार मे गिरावट, सेसेंक्स 230 अंक तक लुढ़का, ITC मे भंारी ब्लॉक डील के बाद बड़ी गिरावट।

**मुंबई :**बुधवार को शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन, बाजार खुलते ही **सेसेंक्स मे 164.83 अंकों** की गिरावट देखने को मिली और यह 81,386.80 के स्तर पर आ गया। इसके बाद यह गिरावट बढ़कर 230 अंकों तक चली गई। वहीं निफ्टी भी 22.25 अंक गिरकर 24,803.70 पर पहुंच गया और इसमें बाद में और गिरावट दर्ज की गई।

इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह **ITC** के शेयरों में 3.20% की तेज गिरावट रही। जानकारी के अनुसार, ITC में लगभग 13,500 करोड़ रुपये की ब्लॉक डील हुई है, जिसमें **ब्रिटिश अमेरिकन टोबैको (BAT)** ने अपनी हिस्सेदारी बेची है। **BAT, ITC** का सबसे बड़ा शेयरहोल्डर था।

इसके अलावा **इंडसइंड बैंक मे 0.90%** की गिरावट देखी गई, जबकि नेस्ले इंडिया के **शेयर 0.77%, टाइटन कंपनी 0.61%** और **मारुति सुजुकी के शेयर 0.39%** तक फिसले।

हालांकि कुछ शेयरों में बढ़त भी देखने को मिली। इन्फोसिस 0.72% ऊपर रहा और टॉप परफॉर्मर रहा। इसके अलावा **भारती एयरटेल** में **0.44%, एसबीआई मे 0.43%, टाटा मोटर्स मे 0.38% और एनटीपीसी मे 0.24%** की तेजी दर्ज की गई।

**एक दिन पहले भी रही थी बड़ी गिरावट**
मंगलवार को भी बाजार में तेज गिरावट दर्ज की गई थी। **बीएसई सेसेंक्स 624.82** अंक गिरकर 81,551.63 पर बंद हुआ था।

वहीं **एनएसई निफ्टी 174.95 अंक** की गिरावट के साथ 24,826.20 के स्तर पर बंद हुआ था। **बैंकिंग, आईटी और ऑटो सेक्टर** के शेयरों में मुनाफावसूली के चलते यह गिरावट आई थी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.